कुरुक्षेत्र में पकड़े गए नकली नोट बनाने वाले 3 मास्टरमाइंड, मशीन-प्रिंटर सहित कई सामान बरामद; ऐसे देते थे झांसा

जागरण संवाददाता, कुरुक्षेत्र। Fake Note Business in Karnal: हरियाणा (Haryana News) में सीआइए टू ने नकली नोट देने के बहाने लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में यमुनानगर के गांव अमलोहा निवासी शैंकी, महमदपुर निवासी संजीव कुमार उर्फ रिंकू व गुदियानी निवासी राहुल को गिरफ्तार किया।

नकली नोटों के कागज, प्रिंटर समेत कई सामान बरामद

आरोपियों से वारदात में प्रयोग गाड़ी, नोटों के आकर में कागज की गड्डी, कांच की प्लेट, स्याही, मशीन व प्रिंटर बरामद की है। आरोपितों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। सीआइए टू प्रभारी मोहन लाल ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोगों डबल पैसे करने का झांसा देकर पैसे ठगते हैं।

Source: https://www.jagran.com/haryana/kurukshetra-3-masterminds-of-printing-fake-notes-arrested-in-kurukshetra-many-items-including-machine-printer-recovered-23906717.html